**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या-217**

**जिसका उत्तर 03 अगस्त, 2023 को दिया गया**

**भारी वर्षा का जल विद्युत संयंत्रों पर प्रभाव**

***217. श्री बिद्युत बरन महतो:**

**श्री सुधीर गुप्ताः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के उत्तरी भागों में भारी वर्षा के कारण गाद जमा होने से जल विद्युत संयंत्रों में प्रचालन बाधित हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी संयंत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भारी वर्षा के कारण पिछले कुछ दिनों से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कई जल विद्युत परियोजनाएं बंद हैं;

(ग) यदि हां, तो जल विद्युत संयंत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन जल विद्युत संयंत्रों के न चलने के कारण सरकार को कितने राजस्व की हानि हुई है;

(घ) क्या सरकार ने मूसलाधार वर्षा से प्रभावित जल विद्युत संयंत्रों की स्थिति की निगरानी करने के लिए कोई केन्द्रीय दल भेजा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार ने जल विद्युत परियोजनाओं के प्रमुख को परियोजनाओं के आस-पास के क्षेत्रों में स्थिति की बारीकी से निगरानी करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का भी निर्देश दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) उक्त जल विद्युत संयंत्रों के कब तक पूरी तरह चालू कर दिए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) से (च) :** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**********

**<u>विवरण</u>**

**"भारी वर्षा का जल विद्युत संयंत्रों पर प्रभाव" के बारे में लोक सभा में दिनांक 03.08.2023 को उत्तर दिए गए तारांकित प्रश्न संख्या 217 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**********

**(क) से (ग) :** भारी वर्षा और अत्यधिक गाद के कारण, केंद्रीय तथा राज्य पीएसयूज़ द्वारा प्रचालनाधीन अनेक जल विद्युत परियोजनाओं को आंशिक रूप से बंद कर दिया गया था। उत्पादन कंपनियों को हुई राजस्व हानि सहित इन परियोजनाओं के ब्यौरे **अनुबंध-I** पर दिए गए हैं। इसके साथ-साथ, कुछ निजी क्षेत्र की परियोजनाएँ भी बंद हो गई थीं, राजस्व हानि सहित इन परियोजनाओं के ब्यौरे **अनुबंध-II** में दिए गए हैं।

**(घ) :** गृह मंत्रालय ने अपने दिनांक 14.07.2023 के का.ज्ञा. संख्या 09-01/2023- एनडीएम-I एवं 28-03/2023-एनडीएम-I द्वारा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के संबंधित राज्य प्रशासन द्वारा किए गए राहत कार्यों तथा क्षति के ऑन-द-स्पॉट मूल्यांकन के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीमों का गठन किया। इन टीमों का नेतृत्व गृह मंत्रालय द्वारा किया गया और इसमें कृषि एवं किसान कल्याण, वित्त (व्यय विभाग), जल शक्ति (जल संसाधन विभाग), विद्युत, सड़क परिवहन तथा राजमार्ग, ग्रामीण विकास और राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी) मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधि शामिल थे।

**(ङ) और (च) :** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड की लारजी एचईपी (126 मेगावाट) को छोड़कर सभी जल विद्युत परियोजनाओं को पहले ही फिर से प्रचालनरत किया जा चुका है। लारजी एचईपी के जनवरी, 2024 तक पूरी तरह से प्रचालनरत होने की संभावना है।

**********

**अनुबंध-I**

**"भारी वर्षा का जल विद्युत संयंत्रों पर प्रभाव" के बारे में लोक सभा में दिनांक 03.08.2023 को उत्तर दिए गए तारांकित प्रश्न संख्या 217 के विवरण के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

**********

**केंद्रीय/राज्य क्षेत्रीय परियोजनाएं जो बहुत अधिक वर्षा और अत्यधिक गाद के कारण बंद हो गई थीं**

| क्रम सं. | परियोजना का नाम | संस्थापित क्षमता (मेगावाट) | राज्य | यूटिलिटी का नाम | बंद होने की अवधि | कुल राजस्व हानि (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **केंद्रीय क्षेत्र** | | | | | | |
| 1 | कोल डैम | 800 | हिमाचल प्रदेश | नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 11-07-2023 से 12-07-2023 | 2.5 |
| 2 | नाथपा झाकड़ी | 1500 | हिमाचल प्रदेश | सतलुज जल विद्युत निगम | 09-07-2023 से 13-07-2023 | 26.07 |
| 3 | रामपुर | 412 | हिमाचल प्रदेश | | | 12.82 |
| 4 | देहर | 990 | हिमाचल प्रदेश | भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड | 09-07-2023 से 14-07-2023 | उत्पादन की हानि 563.81 एलयू है। राजस्व के संदर्भ में बीबीएमबी भागीदार राज्यों को उनके शेयर कोटा के अनुसार ऊर्जा की आपूर्ति करता है। बीबीएमबी द्वारा कोई टैरिफ नहीं लिया जा रहा है। |
| 5 | चमेरा-III | 231 | हिमाचल प्रदेश | नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन | 08-07-2023 से 16-07-2023 | 10.63 |
| 6 | चमेरा-II | 300 | हिमाचल प्रदेश | | 08-07-2023 से 27.07.2023 | 18.75 |
| 7 | पारबती-III | 520 | हिमाचल प्रदेश | | 08-07-2023 से 27.07.2023 | 35.45 |
| 8 | बैरासिउल | 180 | हिमाचल प्रदेश | नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन | 08-07-2023 से 17-07-2023 | 5.46 |
| **उप-जोड़ (केंद्रीय)** | | | | | | **111.68** |
| **राज्य क्षेत्र** | | | | | | |
| 9 | एसवीपी भाभा पावर हाउस | 120 | हिमाचल प्रदेश | हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड | 08-07-2023 से 18-07-2023 | 1.90 |
| 10 | लारजी | 126 | | | 08-07-2023 से आज की तिथि तक | 6.19 |
| 11 | बस्सी | 66 | | | 08-07-2023 से 11-07-2023 | 0.26 |
| 12 | गिरि | 60 | | | 08-07-2023 से 14-07-2023 | 0.78 |
| 13 | चिब्रो | 240 | उत्तराखंड | उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड | 09-07-2023 से 21-07-2023 | विद्युत स्टेशन की अनिरंतर रूप से बंद की गई है। |
| 14 | खोदरी | 120 | | | | |
| 15 | ढकरानी | 33.75 | | | | |
| 16 | धौलीपुर | 51 | | | | |
| 17 | कुल्हाल | 30 | | | | |
| 18 | तिलोथ | 90 | | | | |
| 19 | धरासू | 304 | | | | |
| 20 | चिल्ला | 144 | | | | |
| 21 | व्यासी | 120 | | | | |
| 22 | बगलिहार-I | 450 | जम्मू व कश्मीर | जम्मू और कश्मीर राज्य विद्युत विकास निगम लिमिटेड | 09-07-2023 से 12-07-2023 | 3.27 |
| 23 | बगलिहार-II | 450 | | | 09-07-2023 से 10-07-2023 | 3.21 |
| **उप-जोड़ (राज्य)** | | | | | | **15.61** |
| कुल राजस्व हानि | | | | | | **127.29* करोड़** |

**उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड (यूजेवीएनएल) और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) की राजस्व हानि को छोड़कर।*

**********

**अनुबंध-II**

**"भारी वर्षा का जल विद्युत संयंत्रों पर प्रभाव" के बारे में लोक सभा में दिनांक 03.08.2023 को उत्तर दिए गए तारांकित प्रश्न संख्या 217 के विवरण के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

**********

**निजी क्षेत्र की परियोजनाएं जो बहुत अधिक वर्षा और अत्यधिक गाद के कारण बंद हो गई थीं**

| क्रम सं. | परियोजना का नाम | संस्थापित क्षमता (मेगावाट) | राज्य | यूटिलिटी का नाम | बंद होने की अवधि | कुल राजस्व हानि (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चांजू-I | 36 | हिमाचल प्रदेश | आईए एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड | 09-07-2023 से 12-07-2023 | 1.48 |
| 2 | करछम वांगटू जलविद्युत संयंत्र | 1045 | | जेएसडब्ल्यू एनर्जी | 09-07-2023 से 13-07-2023 | 10.89 |
| 3 | बासपा-II | 300 | | | | 4.63 |
| 4 | अलियन दुहांगन | 192 | | अलियन डुहांगन हाइड्रो प्राइवेट लिमिटेड | 09-07-2023 से 16-07-2023 | 19.78 |
| 5 | श्रीनगर एचईपी | 330 | उत्तराखंड | अलकनंदा हाइड्रो पावर कंपनी लिमिटेड | 16-07-2023 से 17-07-2023 | कुल उत्पादन हानि - 5440.87 मेगावाट घंटा |
| 6 | बाजोली होली | 180 | हिमाचल प्रदेश | जीएमआर | 09-07-2023 से 13-07-2023 | नहीं प्रदान की गई |
| **कुल राजस्व हानि** | | | | | | ***36.78 करोड़ रुपये** |

*# निजी यूटिलिटी को राजस्व हानि*

**अलकनंदा हाइड्रो पावर कंपनी लिमिटेड और जीएमआर द्वारा राजस्व हानि को छोड़कर।*

**********